



Carpenter's monthly newspaper

www.carpentersnews.com

# कारपेंटर्स न्यूज़

मासिक समाचार पत्र

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2025-27
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मुंबई | जून 2025 | वर्ष : 20 | अंक : 07 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2 रुपए


एरिस्टो इंडिया का मुंबई में नए शोरूम और ट्रेनिंग सेंटर .... पेज - 2



# एरिस्टो इंडिया का मुंबई में खुला शोरूम और ट्रेनिंग सेंटर

**मुंबई @ कारपेंटर्स न्यूज़।** प्रीमियम लक्ज़री वॉर्डरोब स्लाइडिंग डोर्स, स्लाइडिंग पार्टिशन सिस्टम्स और मॉड्यूलर फ़र्नीचर सॉल्यूशंस में इनोवेशन के लिए प्रसिद्ध रूसी मल्टीनेशनल ब्रांड एरिस्टो इंडिया ने मुंबई में अपने नए शोरूम और ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया है।

भारत में एरिस्टो केलाचंद्र बिजनेस हाउस के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में केब्रांस एरिस्टो प्राइवेट लिमिटेड नाम से कार्यरत है और इसका मुख्यालय बेंगलुरु में स्थित है। पिछले 14 वर्षों से, कंपनी ने नोब्रोकर्स, होमलेन, लिवस्पेस और गोदरेज इंटीरियो जैसी डिजाइन एवं बिल्ड कंपनियों के साथ साथ आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनर्स और OEM पार्टनर्स के साथ मजबूत साझेदारियाँ बनाई हैं। मुंबई के पॉश लक्ष्मी बिजनेस पार्क, अंधेरी वेस्ट में स्थित यह नया केंद्र, एरिस्टो के प्रीमियम स्लाइडिंग वॉर्डरोब और पार्टीशन सिस्टम्स का लाइव प्रोडक्ट अनुभव देने के साथ-साथ प्रोफेशनल्स को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देने का केंद्र बनेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान एरिस्टो ने कारपेंटर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरुआत की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, चयनित कारपेंटर्स को मुंबई स्थित एरिस्टो फैक्ट्री में 3 दिन की पूर्णतः निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) और एक एरिस्टो पहचान पत्र (ID) प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें एरिस्टो सर्टिफाइड इंस्टॉलेशन एक्सपर्ट के रूप में मान्यता देगा।




मुंबई में एरिस्टो इंडिया के नए शोरूम और ट्रेनिंग सेंटर के उद्घाटन अवसर पर केब्रोस अरिस्टो इंडिया के निदेशक कुरुविला कुरियन, प्रसिद्ध सलाहकार एवं प्रशिक्षक भरत पाठक व अन्य कर्मचारीगण

## कारपेंटर मेगा मीट में कारीगरों का मार्गदर्शन

**कैथल।** एक्शन टेसा कंपनी ओर से कारपेंटर मेगा मीट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एक्सन टेसा ने कारपेंटर्स की कारीगरी को मान्यता देने के साथ-साथ उन्हें नवाचारी डिजाइन तकनीकों के बारे में जानने का मंच प्रदान किया। पिछले एक दशक से कंपनी इस तरह के आयोजन के चलते ब्रांड एवं लकड़ी के कामकाज के बीच संबंध और ज्यादा मजबूत हो रहा है। एक्शन टेसा कंपनी बहुत सारी जरूरतमंद संस्थाओं को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करती रही है। इस मेगा से मीट के माध्यम से एक्सन टेसा के प्रबंध निदेशक अजय अग्रवाल ने वीडियो मैसेज के माध्यम से कारपेंटरों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कारपेंटर की स्थिति को ऊंचा उठाना और उनके कठिन परिश्रम एवं कारीगरी को पहचान दिलाना ही कारपेंटर मेगा मीट का प्रमुख उद्देश्य है।

## कारपेंटर की बेटी ने दसवीं में जिला टॉप किया

**चंडीगढ़।** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से दसवीं कक्षा के परिणाम में सरकारी हाई स्कूल रज्जोमाजरा (ब्लॉक डेराबस्सी) की बेटी ने जिला मोहाली में टॉप किया है। जशनदीप कौर पुत्री मलकीत सिंह ने 628/650 अंक लेकर राज्य की मैरिट सूची में 22वां रैंक हासिल कर जिला मोहाली में टॉप कर स्कूल और परिजनों का नाम चमकाया है। इनके पिता मलकीत सिंह एक कारपेंटर हैं और मां राजरानी गृहिणी हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बांटी गई कपड़े की थैली

**मुंबई।** भारत विकास परिषद मुंबई सेंट्रल शाखा की ओर से भूलेश्वर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान शुरू किया गया। संस्था की ओर से भोइवाड़ा परिसर में सब्जी व फल खरीदने पहुँची गृहणियों को कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। सब्ज़ी व फल विक्रेताओं को प्लास्टिक से हो रहे पर्यावरण के नुकसान



के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष संगीता संघवी, सचिव लतिका डागलिया, कामिनी, महेंद्र शाह, संयोजिका जया मूनोत आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




# कारपेंटरों ने 5 स्थानों पर लगवाए वाटर कूलर

**यमुना नगर @ कारपेंटर्स न्यूज़।** संसार में एक तरफ जहां इंसान केवल अपने ही स्थार्थ के लिए भागदौड़ कर रहा है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो समाज को सर्वोपरि समझकर उसमें लगे हुए हैं। यमुना नगर के कारपेंटरों ने समाजसेवा को प्राथमिकता देते हुए शहर में कई जगहों पर वाटर कूलर लगवाया है ताकि भीषण गर्मी में कोई राहगीर प्यासा नहीं रह जाये।

कारपेंटर उद्योग व्यापार मंडल यमुना नगर, जगाधरी, हरियाणा के कारपेंटरों ने समाज सेवा की नई मिसाल पेश की है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष कमल धीमान ने बताया कि चेयरमैन हरदीप सिंह, प्रधान जसबीर सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, सचिव सुरजीत सिंह, मीडिया प्रभारी ओमपाल धीमान, विजेंदर धीमान की अगुवाई में सबसे पहले कन्हैया साहिब चौक पर वाटर कूलर लगाया गया। उनके मन में आया कि भाई कन्हैया सिंह जंग में घायल सैनिकों को अपने और दुश्मनों के सैनिकों को पानी पिलाते थे। यूनियन ने सबसे पहला




वाटर कूलर कन्हैया साहिब चौक पर लगाया।

दूसरा कूलर उन्होंने सेक्टर -17 इनकम टैक्स ऑफिस के बाहर लगाया और तीसरा अरोड़ा मेडिकल बाईपास पर लगाया। चौथा फुलारा चौक पर लगाया, ताकि फुव्वारा चौक पर जो लेबर, पेंटर, सरिया बनाने वाले काम करने के लिए आते हैं उनको देखते हुए गर्मी के मौसम में कोई भी प्यासा नहीं रहे। एक कूलर सब्जी मंडी इंडस्ट्रियल एरिया में भी लगाया, जहां पर किसान रोजाना सब्जी व फल बेचने के लिए आते हैं और किसान चारा भी लेकर इंडस्ट्रियल एरिया मंडी में आते हैं। पूरी इंडस्ट्रियल एरिया में बहुत सी प्लाईवुड की फैक्ट्रियां हैं, वहां पर अधिकतर मजदूर काम करते हैं। एक कूलर इंडस्ट्रियल एरिया में भी लगाया गया। कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि कोई भी राहगीर प्यासा न रह जाये। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का यह कार्य कर उन्हें बहुत प्रसन्नता होती है।

# डिडवाड़ा में मूर्ति स्थापना दिवस मनाया गया



**जम्मू @ कारपेंटर्स न्यूज़।** विश्वकर्मा मंदिर डिडवाड़ा जिला कठुआ, जम्मू व कश्मीर में मूर्ति स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन, सत्संग और लंगर आयोजित किया गया। कार्यक्रम रमेश नाद व कैप्टन ताराचंद की देखरेख में संपन्न हुआ। कठुआ मंदिर कमेटी के सदस्य मास्टर जसवंत राय, जोगिंदर कुमार, हीरा नगर से एडवोकेट धर्मपाल आदि ने भी हाजिरी दी। जम्मू से श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू के सदस्य जोगिंदर अंगोत्रा, महेश पंगोत्रा, बलवंत कटारिया, रामपाल चडगोत्रा, दिव्यांश धीमान अपना मिशन लिए पहुंचे। वहां आए करीब एक सौ से ज्यादा लोगों को विश्वकर्मा रिपोर्टर मैगजीन व कलैंडर बांटे गए। लाइब्रेरी टीम ने मेधावी छात्रों को ट्राफियां भेंट कर सम्मानित किया और कड़ी मेहनत कर बड़े पदों पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। ओमिशा वर्मा 12वीं में 90%, नेहा वर्मा 12वीं में 89% के लिए सम्मानित हुईं। इस अवसर पर अन्य विद्यार्थियों को भी विश्वकर्मा मैगजीन,कापीयां व कलैंडर बांटे गए।

# मशीन खराबी से कील कारपेंटर के गर्दन में घुसी

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर से सटे महेवागंज में एक मामला सामने आया है। फर्नीचर बनाने वाले कारपेंटर स्वचालित कील लगाने वाली मशीन से काम कर रहा था। अचानक मशीन खराबी से एक कील उल्टी दिशा में चलकर युवक के गर्दन में घुस गई। घायल युवक दीपू (28) को स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरीज पहले से एक्स रे करा कर लाया था, जांच करने में पता चला कि कील सीधी थायराइड ग्रंथि में जाकर फंस गई है और श्वास नली के ठीक पास स्थित है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर थी क्योंकि थोड़ी सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती थी। इस संवेदनशील स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सहायक आचार्य ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा ने लोकल एनेस्थीसिया में ऑपरेशन कर कील को बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह सामान्य रही और उसे उसी दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

डॉ. शर्मा ने बताया कि यह मामला दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण था। कील श्वसन नली के बेहद नज़दीक थी। हमें अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ी, ताकि कील निकालते समय कहीं श्वास नली में ना चली जाए। प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि इस घटना ने यह साबित कर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल करते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जहां तक हो सके स्वचालित मशीनों को इस्तेमाल करते समय सुरक्षा उपकरण जरूर पहनें। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे।

# ठंडे पानी की छबील लगाई गई

**जम्मू।** जम्मू शहर से 15 किमी दूर अखनूर रोड पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर मिश्रीवाला परिसर में ठंडे पानी की छबील लगाई गई। सड़क मार्ग से जाने वाले राहगीरों को पानी पिलाया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान रशपाल सिंह वर्मा, चेयरमैन मंगलदास वर्मा, कमल पुजारी, पूर्व अध्यक्ष पुरषोत्तम चरगोत्रा, विजय चरगोत्रा, मास्टर मदन लाल, नीटू वर्मा, यशपाल आदि मौजूद रहे। इस आयोजन में श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू से ओम कटारिया, बलवंत कटारिया भी शामिल हुए। पूर्व अध्यक्ष युवा विश्वकर्मा सभा रमण चलोत्रा विशेष तौर पर उपस्थित रहे।



# ऑस्ट्रेलिया और तंजानिया की लकड़ियों से निखर रहा प्लाईवुड उद्योग

**बरेली।** जिले की औद्योगिक पहचान को पुख्ता करने वाले प्लाईवुड उद्योग को इस समय पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय स्तर पर लकड़ियों का टोटा है। ऐसे में उद्यमी ऑस्ट्रेलिया, तंजानिया और इंडोनेशिया से लकड़ियां मंगवा रहे हैं। इससे जहां प्लाईवुड उद्योग रफ्तार भर रहा है, वहीं 10-12 हजार लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। जिले के परसाखेडा, फरीदपुर समेत अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में प्लाईवुड के करीब 40 उद्योग संचालित हो रहे हैं। यहां की बनी प्लाईवुड उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, गुजरात, असम आदि राज्यों को भेजी जाती है। प्लाईवुड



के निर्माण में यूकेलिप्टस, पॉपुलर आदि की लकड़ियां का इस्तेमाल होता है। यह दोनों लकड़ियां प्रदेश के कई जिलों से यहां आती हैं। कारोबारियों के मुताबिक अब ये लकड़ियां मिलनी कम हो गई हैं। हालत यह है कि इन कारखानों में जहां 60 फीसदी स्थानीय लकड़ियों का इस्तेमाल हो रहा है, वहीं 40 फीसदी विदेश से मंगाई जा रही है। विदेश से लकड़ियों का आयात होने के बावजूद प्लाईवुड की कीमतों पर असर नहीं पड़ा है। कारोबारी बताते है कि विदेश में लकड़िया करीब 75 फीसदी सस्ती मिल जाती हैं, पर कीमत से ज्यादा भाड़ा चुकाना पड़ता है। कारखाने तक आकर विदेशी लकड़ियों की कीमत स्थानीय लकड़ी के बराबर ही बैठती है। इस वजह से उत्पादन लागत प्रभावित नहीं होती। इसी लिए प्लाईवुड की कीमत भी स्थिर है।

# श्री विश्वकर्मा की विग्रह प्रतिष्ठा समारोह में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मुंबई।** अंधेरी (पूर्व) साकीनाका स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में भगवान विश्वकर्मा के विग्रह प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। दो दिवसीय समारोह में कलश यात्रा, नगर परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह को सफल बनाने में ओडिशा मुंबई विश्वकर्मा संगठन के दुखीश्याम महाराणा, निरंजन महाराणा, सीमांचल महाराणा, नकुल महाराणा, नारायण महाराणा, आदिकंद महाराणा, रुनू महाराणा, नरसिंह महाराणा कृष्ण महाराणा, बबन महाराणा आदि का विशेष योगदान रहा। समारोह में कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आराम तलब आदमी के पास सफलता चलकर नहीं आती

## - स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज

**काशीपुर @ कारपेंटर्स न्यूज़। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में आप आगे बढ़ो तो कठिनाइयां, बाधाएं, परीक्षाएं, आना स्वाभाविक है। प्रभु स्मरण करते हुए प्रभु नाम लेते हुए चलें तो वो आपके सामने टिक नहीं पाएंगी। जैसे हनुमान जी सीता रूपी भक्ति को प्राप्त करने के लिए चले तो मार्ग में आने वाली बाधाओं को सहज में ही पार कर लिया। जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है।**

उन्होंने कहा कि आराम तलब आदमी कभी भी लौकिक क्षेत्र में या पारलौकिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु पदार्थ को पाना चाहता है उसके लिए प्रयास करता है और यदि थककर बीच में अपना विचार ना बदल दे तो उसे अवश्य ही प्राप्त कर लेता है। यदि व्यक्ति पुरुषार्थ करें तो ईश्वर भी उसकी सहायता करता है। उन्होंने कहा कि सबसे महान व्यक्ति वह है जो दृढ़तम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है। जो व्यक्ति उद्योग वीर है वह कोरे वाग्वीर व्यक्तियों पर अधिकार जमा लेता है। जिसे हमारा हृदय महान समझे वह महान है। आत्मा का निर्णय सदा सही होता है। किसी का तिरस्कार ना करें। जो भी देखे, सुने या पढ़ें उस पर विचार करें, किसी को भी नुकीले व्यंग बाण ना चुभायें अर्थात ऐसा कुछ ना बोले जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे। किसी का दिल दुखे या प्रेम, एकता, सद्भाव नष्ट हो जाए, अशांति हो जाए कलह - क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाए। हमारे हृदय उदार व विशाल होने चाहिए। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार से गूंज उठा।



# सीएम उमर ने खीर भवानी मंदिर में की पूजा

**गांदरबल।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल जिले में खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वह कश्मीरी पंडितों के लिए बेहद खास इस धार्मिक स्थल पर पहुंचे। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आगामी खीर भवानी मेला और अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें, खीर भवानी मंदिर माता रागिन्या देवी को समर्पित है, जिन्हें खीर भवानी के नाम से जाना जाता है। मंदिर पवित्र झरने के ऊपर बना है, जिसका जल रंग बदलता है और इसे भविष्यवाणी का प्रतीक माना जाता है।

## जायका इंडिया का

# सोया चाप

**सोया चाप खाना बहुत लोगों को पसंद होता है। स्वादिष्ट होने के साथ ही यह पोषक तत्वों का अच्छा सोर्स है। इसमें प्रोटीन अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इससे मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे तत्व होते हैं, जिससे हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।**



**सामग्री –** 1 कप भिगोए हुए सोयाबीन, 1 कप सोया नगेट्स उबले हुए, 1 कप मैदा, 3 टी स्पून, 1/4 कॉर्न फ्लोर और जरूरत के मुताबिक नमक

**विधि –** सोया चाप स्टिक बनाने के लिए सबसे पहले तो सोयाबीन लें और उसे साफ कर लें। उसे रात भर के लिए पानी में भिगोकर रख दें। अगले दिन सुबह पानी से निकाले और उसे एक बार फिर साफ पानी से धो लें। अब उसे मिक्सी में डालकर पीस लें। इसके बाद सोया नगेट्स लें और उन्हें उबालें। अब इन्हें ठंडा होने के लिए रख दें। इसके बाद इसे भी मिक्सर जार में डालकर पीस लें। मिक्सी में पिसा हुआ सोया नगेट्स और सोयाबीन डालकर दोनों को अच्छी तरह से पीस लें। अब इस मिश्रण में बेसन, कॉर्न फ्लोर, मैदा और जरूरत के मुताबिक नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें और इसका सख्त आटा गूंथ लें। अब इसकी लोइयां बनाकर इससे रोटी बेलें और इसे लंबाई में काट लें। इसके बाद आइसक्रीम स्टिक लें और इस पर लपेटकर रखें। अब एक पतीला या बड़ा बर्तन लें। उसमें पानी डालकर गर्म करें। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो उसमें तैयार की गई सोया चाप स्टिक डालें और पकाएं, जब कि स्टार्स अपने आप पानी के ऊपर आने लगे। अब इसे पानी से बाहर निकालकर ठंडा होने के लिए रखें। सोया चाप स्टिक बनकर तैयार है। इससे सोया चाप मसाला और कुरकुरे सोया चाप अलग-अलग तरह से डिश बनाया जा सकता है।

# अंगुलिमाल, अब तू न केवल भिक्षु है, ब्राह्मण भी हो गया

अंगुलिमाल हत्यारा था। बड़ा हत्यारा, बड़े से बड़ा हत्यारा। उसने कसम खा रखी थी कि एक हजार लोगों की गर्दनें काट कर उनकी अंगुलियों की माला बना कर पहनूंगा। इसलिए अंगुलिमाल उसका नाम पड़ गया। उसने न मालूम कितने लोग मारे। कहते हैं, नौ सौ निन्यानबे लोग मारे, एक की कमी थी। उसकी मां भी उसके पास जाने से डरने लगी थी। क्योंकि वह ऐसा हत्यारा आदमी और एक की ही कमी बची है, मां से भी पूरी कर सकता था। जिस जंगल में वह रहता था, वहां से रास्ते बंद हो गए, लोगों ने गुजरना बंद कर दिया। सम्राट भी उसे देख कर, उसकी कल्पना-मात्र से, उसकी मौजूदगी की खबर पाकर थर-थर कांपता था। अकेला पूरे राज्य को हिला रहा था।

बुद्ध उस रास्ते से गुजरे। गांव के लोगों ने कहा, आप मत जाएं उस रास्ते से। उस दुष्ट का कुछ भरोसा नहीं है। दूसरा रास्ता है, जरा लंबा है, लेकिन चुनने योग्य है। नाहक जीवन को खतरे में क्यों डालना। बुद्ध के भिक्षुओं ने भी उनको प्रार्थना की कि भगवान, वहां जाने की क्या जरूरत है। बुद्ध ने कहा मुझे अगर पता न होता तो शायद मैं दूसरे रास्ते से भी जा सकता था, अब तो पता है। कोई वहां न जाएगा, मुझे तो जाना ही चाहिए। शरीर तो ऐसे ही गिरेगा। चलो, इस आदमी की आकांक्षा ही पूरी हो जाएगी। उसे एक की ही जरूरत है, एक शरीर मेरे पास है, और यह शरीर तो जाने वाला है। किसी के काम आ जाए, इससे और शुभ क्या होगा। थोड़ी सेवा हो जाएगी।

जो भिक्षु सदा बुद्ध के साथ-साथ चलते थे, गौरव अनुभव करते थे साथ-साथ चलने में, दिखलाते थे लोगों को कि हम बुद्ध के इतने निकट हैं, वे भी पीछे रह गए। बुद्ध जब अंगुलिमाल के पास पहुंचे तो अकेले थे। मीलों पीछे छूट गए थे उनके शिष्य। अंगुलिमाल दूर से ही चिल्लाया कि हे भिक्षु, रुक जा। शायद तुझे पता नहीं है कि मैं कौन हूं। बुद्ध हंसे और उन्होंने कहा कि शायद तुझे भी पता नहीं है कि मैं कौन हूं। और मैं तुझसे कहता हूं कि मुझे पता है कि मैं कौन हूं, तुझे यह भी पता नहीं है कि तू कौन है। अंगुलिमाल झिझका, एक क्षण ठिठका, ऐसा आदमी तो उसने नहीं देखा था जो इस बल से बोले। फिर भी उसने कहा कि अच्छा हो लौट जाओ, जहां हो वहीं ठहर जाओ, एक कदम और आगे बढ़े कि खतरा है। बुद्ध ने कहा, अंगुलिमाल मुझे तो वर्षों हो गए, तब मैं रुक गया। तू रुक।

अंगुलिमाल ने कहा कि तुम विक्षिप्त मालूम होते हो। तुम्हारी पहली बात से ही मुझे पता चल गया कि तुम विक्षिप्त हो, अब दूसरी से तो बिल्कुल प्रमाण मिल गया। खुद तो चले आ रहे मेरी तरफ और कहते हो तुम रुक गए हो, और मुझ रुके हुए को कहते हो कि मैं चल रहा हूं। बुद्ध ने कहा कि हां , क्योंकि जिस दिन मेरा मन रुका, उस दिन मैं रुक गया। तेरा मन अभी चल रहा है। देह जरूर ठहरी है। और मन चल रहा है तो सारा संसार चल रहा है। इसलिए कहता हूं कि तू चल रहा है और मैं ठहरा हुआ हूं।

अंगुलिमाल को सोचना पड़ा। बात पते की थी। बुद्ध बिल्कुल सामने आकर खड़े हो गए। उसके हाथ उठाना चाहते थे फरसे को, उठा नहीं पा रहे थे। यह आदमी मारने जैसा तो नहीं। इस आदमी के चरणों में मर जाना मिल जाए, तो सौभाग्य है। लेकिन फिर भी पुरानी आदत, पुराने संस्कार, बल मारे, उठा, उठाया फरसा। बुद्ध ने कहा कि देख, कुछ जल्दी नहीं, मुझे तो तू जब चाहे तब मार लेना, यह गर्दन तो कटी ही हुई है, मैं कुछ भागने वालों में से नहीं हूं, अन्यथा आता ही नहीं, मगर इसके पहले कि तू मुझे मारे, एक छोटी सी मेरी जिज्ञासा है, वह पूरी कर दे। उसने पूछा, क्या। बुद्ध ने कहा, इस वृक्ष के, जिसके नीचे हम खड़े हैं, कुछ पत्ते तोड़ दे। उसने कहा- पत्ते क्यों? उसने उठाया अपना फरसा और एक पूरी शाखा काट दी। बुद्ध ने कहा - बस, आधी आकांक्षा पूरी हो गई, आधी और पूरी कर दे। अब इसे वापस जोड़ दे। अंगुलिमाल बोला- तुम निश्चित पागल हो। टूटी शाखा अब कैसे जोड़ी जा सकती है। बुद्ध ने कहा - अगर जोड़ नहीं सकता, तो तोड़ने की जुर्रत भी नहीं करनी चाहिए। तोड़ना तो कोई बच्चा भी कर सकता था, जोड़ने की कला ही कला है। तूने इतने लोग मारे, एक चींटी को भी जिला सकता है। और जिसे हम जीवन न दे सकते हों, उसे मारने का हमें हक क्या है।

जैसे अंगुलिमाल सदियों-सदियों की निद्रा से जागा। फरसा हाथ से गिर गया, बुद्ध के चरणों में झुक गया, बुद्ध ने उसके सिर पर हाथ रखा और कहा - भिक्षु अंगुलिमाल, उठो। उसने कहा आप भिक्षु मुझे क्यों कहते हैं। बुद्ध ने कहा- मैंने दीक्षा दे दी। मैं ऐसे ही हिम्मतवर लोगों की तलाश में हूं। अंगुलिमाल ने दीक्षा मांगी न थी, झुका था तब हत्यारा अंगुलिमाल था, उठा तब भिक्षु अंगुलिमाल था। बुद्ध ने कहा- मैंने तो दीक्षा दे दी। तू मेरा संन्यासी हो गया। चल मेरे पीछे। अंगुलिमाल, तू प्यारा व्यक्ति है। इतनी जल्दी बहुत कम लोगों की समझ में आता है। अंगुलिमाल ने कहा- मैं हत्यारा हूं। मुझसे ज्यादा पापी नहीं कोई। और यह क्या ढंग है मुझे दीक्षा देने का। मैंने मांगी नहीं। बुद्ध ने कहा - तू मांगे या न मांगे, तू पात्र है और मैं देता हूं। ऐसे अंगुलिमाल दीक्षित हुआ। और दूसरे दिन ही अद्भुत घटना घटी।

जब शहर में आया बुद्ध के साथ, तो ऐसा भय व्याप्त हो गया कि लोगों ने द्वार-दरवाजे बंद कर लिए। जान कर भी कि वह भिक्षु हो गया है, लेकिन पुरानी आदतें। झपट पड़े किसी पर, किसी की गर्दन काट दे। ऐसे आदमी का कोई भरोसा करता है। लोगों ने पत्थर मारे अपने मकानों पर चढ़ कर। ये बहादुर लोग, जो रास्ते पर जाने से डरते थे, ये उस निहत्थे आदमी पर पत्थर फेंकने लगे। अंगुलिमाल पत्थरों की चोटें खाकर गिर पड़ा, लहूलुहान हो गया। बुद्ध उसके पास झुके और अंगुलिमाल से पूछा अंगुलिमाल, इन लोगों के प्रति तेरे मन में क्या होता है। उसने कहा कुछ भी नहीं। करुणा उठती है, कि बेचारों को कुछ भी पता नहीं क्या कर रहे हैं। अरे, उसे तोड़ रहे हैं जिसे जोड़ नहीं सकते। उसे मार रहे हैं जिसे जिला नहीं सकते। और फिर अब आपके चरणों में झुक कर मैंने अपने भीतर जो देखा है, उसकी कोई मृत्यु नहीं। बुद्ध ने कहा - अंगुलिमाल, अब तू न केवल भिक्षु है, ब्राह्मण भी हो गया। हे भिक्षु, हे ब्राह्मण, उठ, मेरे साथ आ तूने ब्रह्म को जान लिया।

**– ओशो, राम दुवारे जो मरे**
**प्रवचनः 04, भोर कब होगी?**
**अंगुलिमाल**

# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

विज्ञापन व प्रतियों के लिए संपर्क करें : 9320566633
Email: carpentersnews@gmail.com

मुंबई | जून 2025 | वर्ष : 20 | अंक : 07 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2 रुपए


## फर्नीचर मिस्त्री का बेटा बना जिला टॉपर

झारखंड बोर्ड ने इंटर आर्ट्स का रिजल्ट जारी किया। इसमें खूंटी जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। रनिया के एसएस प्लस टू हाई स्कूल का विद्यार्थी चंदन लोहरा सबसे अधिक 90 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बना। वह रनिया के फर्नीचर मिस्त्री मंदरू लोहरा का पुत्र हैं।


Godrej

लॉकिंग की डबल पावर के साथ
पेश है गोदरेज का मज़बूत ताला

स्लाइडिंग डोर (साइड) के लिए वार्डरोब लॉक।






मज़बूत और टिकाऊ।

इंस्टॉल करने में आसान।

QUICK INSTALLATION

जॉइन करें
विशेष लाभ
CLUB
प्लेस्टोर और ऐप स्टोर में उपलब्ध

अधिक जानकरी के लिए **96100 05641** पर हमें मिस्ड कॉल दें

Toll Free No. 1800 209 4543 | www.godrejenterprises.com | GodrejLocks | Godrej Locks


HARRISON
HARRISON®
Glorious 75+ Years
घर घर हरीसन
अब हर घर में हरीसन
SUVIDHA
SCHEME
OFFER !!
बनो हरीसन का
Mr. आनंद
रहो हमेशा आनंद में
आज ही
रजिस्टर करें
और पाएं
अनेको
उपहार
कारपेंटर भाईयों के लिए आकर्षक उपहार
नॉटः- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9599281937

HARRISON®
Glorious 75+ Years

घर घर हरीसन
अब हर घर में हरीसन



# हरीसन कारपेंटर्स महासम्मेलन


विजेता

हरीसन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ द्वारा आयोजित "हरीसन कारपेंटर्स महासम्मेलन" का भव्य आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों दक्ष कारपेंटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम कारीगरों के समर्पण, मेहनत और उत्कृष्ट शिल्पकला को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया था। आयोजन में हरीसन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, उपहार व विशेष सम्मान प्रदान किए। मंच पर डिज़ाइन इनोवेशन, आधुनिक उपकरणों के उपयोग और क्वालिटी वर्क पर संवाद हुआ। साथ ही, कंपनी ने अपने आगामी उत्पादों की झलक भी प्रस्तुत की। यह महासम्मेलन हरीसन की उस भावना को दर्शाता है जिसमें वह अपने कारपेंटर्स को केवल भागीदार नहीं, बल्कि अपने परिवार का अहम हिस्सा मानता है। यह आयोजन हर वर्ष नई प्रेरणा लेकर आता है।



हुनर की पहचान
कारीगरों को सम्मान!





## आपकी मेहनत के लिए, नया सहारा

## कारपेंटर भाइयों के लिए नई सौगातें!




# हरीसन प्रोडक्ट पॉइंट अर्जित करने का तरीका किया और भी आसान

# मात्र क्यू आर कॉड को स्कैन करने पर पाए उपहार

**हरीसन का नया QR स्कैनिंग फीचर – कारपेंटर्स के लिए आसान इनाम!**

देश के भरोसेमंद ब्रांड हरीसन ने कारपेंटर्स के लिए QR स्कैनिंग फीचर लॉन्च किया है, जिससे उपहार जीतना अब और भी आसान हो गया है।

कारपेंटर्स को हरीसन प्रोडक्ट की पैकिंग में दिए गए QR कोड को स्कैन करना है, और उनके रजिस्टर्ड प्रोफाइल पर पॉइंट्स अपने आप जुड़ जाएंगे। अब प्रोडक्ट की कट्टिंग संभालने की जरूरत नहीं, बस स्कैन करें और इनाम पाएं।

यह पहल कारपेंटर्स की सहूलियत और प्रोत्साहन के लिए की गई है। हरीसन हमेशा अपने कारीगरों के साथ खड़ा है!

**उपहार जीतने की प्रक्रिया**

- स्टेप 1: मोबाइल मे हरीसन सुविधा एप्लीकेशन डाउनलोड करे, और अपनी ID बनाकर लॉगिन करे।
- स्टेप 2: प्रोडक्ट पैक के अंदर लगे QR CODE को सुविधा एप्लीकेशन मे स्कैन करे और MRP के बराबर पॉइंट इकट्ठा करे।
- स्टेप 3: दिये गये 7 उपहार के आधार पर अपने पॉइंट REDEEM करे, और उपहार जीते

Suvidha
iSoftCare Technology

प्ले स्टोर पर (HARRISON SUVIDHA APP) सर्च कर के हरीसन लोगो एप्लीकेशन अपने फ़ोन मे इनस्टॉल करे।




#harrison_carpentermeet


Mahacol
SINCE 1971
HAPPY FATHER'S DAY
असली कारीगर, असली हीरो
PLUS PV STICK
SUPER HEATFIT
HEATPROOF ADHESIVES
N3
EXTREME WEATHER ADHESIVES
MICA SPECIAL
SPECIAL LAMINATE ADHESIVES
JALVEER
WATERPROOF ADHESIVES
MAHAQUICK
QUICK DRYING ADHESIVES
MP
German Technology
हर निर्माण का अटूट साथी – महाकोल
NIKHIL
ADHESIVES

# विश्वकर्मा समाज में लीडरशिप की जरुरत

**मुंबई। लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि लीडरशिप के अभाव में विश्वकर्मा समाज को नेतृत्व नहीं मिला। इस समाज से जो भी विधायक बने वे अपनी पार्टी के दायरे में सिमट कर रह गए। विश्वकर्मा समिति मुंबई संस्था की ओर से सांताक्रुज (पूर्व) कालीना स्थित विश्वकर्मा हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि देश में तमाम जातियां अपने हक के लिए गोलबंद हो रही हैं, उनकी आवाज को सरकारें भी सुन रही हैं लेकिन विश्वकर्मा समाज अब भी बिखरा पड़ा हुआ है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज के लोगों से आवाहन किया कि राजनीति में भागीदारी के लिए बढ़चढ़कर हिंसा लें। सत्ता विकास की कुंजी है, इसलिए विभिन्न राजनैतिक दलों में अपनी सहभागिता बढ़ाइए।**



विश्वकर्मा ने कहा कि योगी सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार बढ़ा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में कोई भी सरकार बने लेकिन वह पीडीए की सरकार होगी। जनता की बीच योगी सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है, आने वाले समय में इस सरकार की विदाई तय है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, चेयरमैन सुनील राना, महामंत्री जे. पी. शर्मा आदि ने भी विचार रखे।

# सुरवाया की गढ़ी का अनोखा सौंदर्य

**ऐतिहासिक सुरवाया किला शिवपुरी से 22 किलोमीटर दूर सुरवाया गांव में स्थित है। यह मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित है। इसका पुराना नाम सरस्वती पट्टम था। राजा अवंतिवर्मन के गुरु पुरंदर ने शैव धर्म की शिक्षा देने के लिए नौवीं और दसवीं शताब्दी में इसका निर्माण कराया था। यह मठ वाकई बहुत पुराना है। यह एक प्राचीन मठ है जिसे सरस्वती मंदिर भी माना जाता है।**



किले की तरह विशाल दीवारों से घिरे इस मठ में विशाल शिलाखंडों से बना एक कमरा है जिसका उपयोग शिक्षकों और छात्रों के रहने और अध्ययन के लिए किया जाता था। इस किले की दीवारों पर की गई नक्काशी और कारीगरी हिंदू वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है। सुरवाया किला एक प्राचीन किला है। यह स्थल क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है और अक्सर बीते युगों के स्थापत्य चमत्कारों के लिए जाना जाता है। किले में जटिल नक्काशी और पत्थर की कारीगरी दिखाई देती है, जो उस समय प्रचलित कुशल शिल्प कौशल का संकेत है। यह हरे-भरे जंगलों की पृष्ठभूमि से घिरा हुआ है, जो क्षेत्र के शांत वातावरण में योगदान देता है। वहां के खंडहर इसके पूर्व गौरव की बात करते हैं और भारत की समृद्ध विरासत की झलक देते हैं। यह मध्य भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कहानियों का एक वसीयतनामा है। यहाँ की वास्तुकला के नमूने, जहाँ संगीत, नृत्य और देवी-देवताओं के विषय मूर्तियों में दिखाई देते हैं। यहाँ के मंदिरों पर उत्तम मूर्तियाँ और नक्काशी लुभावनी हैं। दीवार के खंभे पर भगवान गणेश की मूर्ति उकेरी गई है। मंदिरों में कई पत्थर की नक्काशी वाली मूर्तियों में से एक विशेष रूप से आकर्षक मूर्ति भगवान विष्णु की है जो अपने वाहन गरुड़ पर सवार हैं। यहाँ की छत पर फूलों की नक्काशी है। यहाँ के खंभे पत्थर की नक्काशी वाली मूर्तियों की सबसे खूबसूरत वास्तुकला के साथ खड़े हैं। मंदिरों का समूह 10वीं 11वीं शताब्दी का है। इसके अंदर, किले में मंदिरों और मठों का एक समूह है। यहाँ एक और मूर्ति भगवान शिव की है, साथ ही विष्णु की मूर्ति और नंदी की मूर्ति भी है। मंदिर खुद अपनी असंख्य मूर्तियों के लिए जाने जाते हैं, जो पौराणिक कहानियों को दर्शाती हैं। यह मंदिर वास्तव में भगवान शिव को समर्पित है और पश्चिम की ओर मुख करके बना है।

# जातीय जनगणना से होगा विश्वकर्मा समाज का विकास

**बलिया @ कारपेंटर्स न्यूज़।** यूपी के पूर्व शिक्षा मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को जातीय जनगणना कराने के लिये तैयार रहना होगा। बलिया के टाउन हाल सभागार में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा बलिया की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि लोग उप जाति लोहार, बढ़ई, शर्मा, विश्वकर्मा, पांचाल, धीमान, जागिड़, टांक, रामगढ़िया, मैथिल कुछ भी लिखें लेकिन टाइटल के कालम में केवल विश्वकर्मा लिखें, ताकि विश्वकर्मा समाज की बड़ी और वास्तविक जनसंख्या देश के सामने आ सके और सरकार को सभी क्षेत्रों में जनसंख्या अनुरूप हिस्सेदारी देने में सुविधा हो सके।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लखनऊ में सभी संगठनों और विश्वकर्मा मंदिर समितियों के अध्यक्षों की बैठक बुलाकर इस विषय पर चर्चा की जायेगी और निर्णय लिया जायेगा। विश्वकर्मा ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पिछड़ी जातियों की जाति वार जनगणना करायी जायेगी तथा सभी के साथ विश्वकर्मा समाज को भी जनसंख्या के अनुरूप सरकारी नौकरी में आरक्षण, सरकारी योजनाओं में लाभ और सरकार में हिस्सेदारी और सम्मान दिया जायेगा।

सम्मेलन में विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के पदाधिकारी राम अवतार विश्वकर्मा, मदन मोहन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, बालेश्वर शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, रामअवध विश्वकर्मा, प्रभात विश्वकर्मा, रविशंकर विश्वकर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, रेनू शर्मा, रमेशचन्द्र शर्मा, चंदन शर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा ,कमलाशंकर शर्मा, मनोज शर्मा, रामभवन शर्मा, जगदीश शर्मा, डॉ. जयराम शर्मा, मधुसूदन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, आचार्य ब्रम्हेश शर्मा, विनोद विश्वकर्मा, मृत्युंजय शर्मा, लल्लन शर्मा, प्रभात विश्वकर्मा, उमाशंकर शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जम्मू @ कारपेंटर्स न्यूज़।** विश्वकर्मा मंदिर समिति न्यू प्लॉट जम्मू की ओर से एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील शर्मा के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने स्थानीय लोगों को नि:शुल्क परामर्श और दवाइयाँ प्रदान कीं।

शिविर का उद्घाटन विश्वकर्मा लाइब्रेरी के संयोजक रमेश अंगोत्रा ने बीजेपी प्रवक्ता बाबू बलबीर राम रतन, डिगियाना इकाई से राम पाल चरगोत्रा, शक्ति नगर से राकेश चलोत्रा, मिश्रीवाला से बलवंत कटारिया और खौड इकाई से मोनू वर्मा की उपस्थिति में किया। सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की परंपरा को बनाए रखते हुए मंदिर समिति प्रधान मोहिंदर लाल ने शिविर को नियमित कार्यक्रम बताया और कहा कि इसका उद्देश्य गरीब आम आदमी को नि:शुल्क चिकित्सा सहायता और जांच प्रदान करना था, जो विशेषज्ञ डॉक्टरों तक पहुंच नहीं सकते। शिविर में करीब 70 रोगियों को देखा गया और फॉलो अप के लिए निर्देशित किया गया।

डॉक्टरों की टीम का स्वागत करते हुए अंगोत्रा ने उनकी भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया और गरीब लोगों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए उनके सराहनीय प्रयासों की सराहना की। आयोजकों की टीम में रमन चलोत्रा पूर्व युवा विंग अध्यक्ष पीवीएस, मंदिर समिति अध्यक्ष महिंदर पाल और जोगिंदर अंगोत्रा शामिल थे। रमन चलोत्रा ने कहा कि युवा विंग को अभी लंबा सफर तय करना है क्योंकि सामाजिक कार्यों की बहुत गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम मानवता की सेवा के लिए सभी गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध है।

# एकजुटता से होगा समाज का विकास

**मुंबई।** विश्वकर्मा समिति मुंबई संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र चित्तबहाल विश्वकर्मा ने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है, जब समाज में एकजुटता रहेगी। सांताक्रुज (पूर्व) कदमवाड़ी स्थित विश्वकर्मा समिति के प्रांगण में निर्मित श्री विश्वकर्मा मंदिर में भगवान गणेश व दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना के बाद आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए जल्द ही सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। समाज के लोग शिक्षित होंगे तो ही समाज विकास करेगा। संस्था के चेयरमैन सुनील सन्तोष राना ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए हम सबको एकजुट होना पड़ेगा, तभी हमारा सामाजिक विकास होगा। इस अवसर पर महामंत्री जे. पी. शर्मा ने भी सामाजिक एकता पर बल देते हुए सभी को एक मंच पर आने की अपील की।



समारोह में हाइटेक बोर्ड रूम, वाचनालय और सार्वजानिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। मूर्ति स्थापना अवसर पर माताजी की चौकी के बाद महाभंडारा का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# तारा सुतारिया का ऑफिस स्टाइल लुक

तारा सुतारिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो सिर्फ एक टैलेंटेड एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि एक जबरदस्त स्टाइल आइकन भी हैं। उन्हें हाल ही में पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ मुंबई में स्पॉट किया गया था। लेकिन इस बार चर्चा उनके साथ होने की नहीं, बल्कि उन्होंने जो पहना हुआ था, उसकी ज्यादा हो रही है।



तारा ने एक ओवरसाइज़्ड ग्रे ब्लेजर में ऐसा लुक पेश किया कि हर कोई उन्हें बॉस लेडी कहने पर मजबूर हो गया। ये आउटफिट सिंपल होते हुए भी बेहद यूनिक था। ब्लेज़र में चौड़े लैपल कॉलर थे, जो सामने की ओर एक बटन से जुड़कर उसे स्टाइलिश ढंग से होल्ड कर रहे थे। ब्लेजर में फुल भी था, जो पूरे लुक को एक अलग बना रहा था। कमर के दोनों ओर डबल-ब्रेस्टेड जेब न सिर्फ स्टाइलिश थे, बल्कि खूबसूरत भी थे।

तारा ने इस लुक के साथ पैंट्स पहनने का विकल्प छोड़ दिया, जिससे उनका लुक और भी बोल्ड बन गया। इसके बजाय उन्होंने ब्लैक शीर मेश स्टॉकिंग्स पहनी, जो उनके रिस्की लुक को परफेक्ट बैलेंस दे रही थीं। इस आउटफिट को ब्लैक स्टिलेटो हील्स के साथ पूरा किया, जो उन्हें एकदम ऑफिस लु के साथ ग्लैमर भी दे रहा था।

एसेसरीज की बात करें तो तारा ने इस बार सिंपल रहना पसंद किया है। उन्होंने केवल पतले फ्रेम वाले ट्रांसपेरेंट सनग्लासेस पहने, जो उनके कुल लुक में एक कूल दिखा रहे थे। उनके मेकअप की बात करें तो उन्होंने मैट बेस के साथ कम मेकअप लुक रखा। थोड़ा ब्लश और लगाया हुआ था, जबकि न्यूड लिप ने पूरे लुक को खूबसूरत बना दिया था। स्मोकी आईज ने उनकी आंखों को सुंदर बना दिया था।

एक्ट्रेस तारा सुतारिया का यह लेटेस्ट लुक यह बताता है कि वर्क वियर भी बोल्ड और ट्रेंडी हो सकता है। बस स्टाइल में थोड़ा ट्विस्ट होना चाहिए। उनका ये ग्रे ब्लेजर अवतार हर उस लड़की के लिए इंस्पिरेशन है, जो ऑफिस लुक में भी फैशन को अलग बनाना चाहती हैं।

# अरबाज खान फिर बनेंगे पापा

हाल ही में अरबाज खान और उनकी वाइफ शूरा खान को मुंबई के एक क्लिनिक के बाहर देखा गया, जहां उनका बेबी बंप नजर आया था। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर शूरा की प्रेग्नेंसी की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब खुद अरबाज खान ने एक इंटरव्यू में कन्फर्म कर दिया है कि उनकी वाइफ शूरा खान प्रेग्नेंट हैं और अरबाज खान जल्द ही दूसरी बार पापा बनने वाले हैं।



शूरा की प्रेग्नेंसी की पुष्टि करते हुए अरबाज ने कहा, हां यह बात सच है। मैं इससे इनकार नहीं कर रहा, क्योंकि अब यह खबर बाहर आ चुकी है, मेरा परिवार इसके बारे में जानता है। लोगों को भी इसके बारे में पता चल गया है और यह ठीक है। यह साफ तौर पर दिखाई भी दे रहा है। यह हम दोनों के लिए बहुत ही रोमांचक समय है। हम खुश हैं और उत्साहित भी हैं कि हमारी जिंदगी में एक नया जीवन आने वाला है।

अरबाज ने कहा, हर किसी को थोड़ी घबराहट होती है। कोई भी इंसान इस मौके पर नर्वस हो सकता है। मैं भी लंबे समय बाद दोबारा पिता बनने का अनुभव करने जा रहा हूं। यह मेरे लिए एक नई, ताज़ा अनुभूति है। मैं उत्साहित हूं, खुश हूं और इस जिम्मेदारी की भावना मुझे अच्छा लग रहा है। यह एक अलग ही खुशी और जिम्मेदारी का एहसास दे रहा है।

# निया शर्मा का बोल्ड लुक

अगर फैशन और बोल्डनेस की बात होती है तो टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा का नाम सबसे पहले जहन में आता है। वो उन सितारों में से हैं, जो हर बार अपने लुक से कुछ नया लेकर आती हैं और सोशल मीडिया पर तहलका मचा देती हैं। हाल ही में निया शर्मा का एक नया लुक सामने आया है, जिसमें उन्होंने येलो बॉडीकॉन ड्रेस पहनकर ऐसा कहर ढाया कि फैंस की सांसें ही थम गईं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं और हर कोई उनकी तारीफ करता नहीं थक रहा।

निया शर्मा ने इस बार चुनी चटक पीले रंग की फिटेड बॉडीकॉन ड्रेस, जो न सिर्फ उनके फिगर को हाईलाइट कर रही थी बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बयां कर रही थी। ड्रेस का कट और स्टाइल काफी क्लासी और ट्रेंडी था, जो उन्हें एक अलग ही ग्लैमर लुक दे रहा था। निया ने अपने आउटफिट के साथ एक्सेसरीज का भी बखूबी चुनाव किया। उन्होंने कानों में बड़ी-बड़ी स्टेटमेंट बालियां पहनीं, जो उनके फेस कट को और शार्प बना रही थीं। वहीं गले में एक स्टाइलिश चोकर उनकी लुक को बैलेंस कर रहा था।

निया के इस लुक में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली चीज थी उनका बोल्ड आई मेकअप, स्मोकी आईज़ और परफेक्ट विंग्ड आईलाइनर ने उनके लुक को और भी सुंदर बना दिया। वहीं न्यूड लिप और हाईलाइटेड चीक्स उनके मेकअप को एक खूबसूरत बैलेंस दे रहे थे। निया शर्मा एक बार फिर अपने स्टाइल और फैशन सेंस से साबित कर चुकी हैं कि वो टीवी इंडस्ट्री की ट्रेंडसेटर हैं। येलो बॉडीकॉन ड्रेस में उनका ये नया अवतार सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और एटीट्यूड की मिसाल है।



# सादगी में भी कमाल लगीं एक्ट्रेस दिया मिर्जा

आज के दौर में जब ग्लैमर और तड़क-भड़क को ही फैशन का पैमाना मान लिया गया है, ऐसे में अगर कोई सेलिब्रिटी सादगी से दिल जीत ले, तो वो खास होता है। एक्ट्रेस दिया मिर्जा कुछ ऐसा ही करती नजर आईं, जब उन्हें हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। उन्होंने एक बार फिर बता दिया कि रॉयल्टी सिर्फ लुक और कपड़ों से नहीं, बल्कि सिंपल रहने में होती है।



एयरपोर्ट पर स्पॉट की गईं दिया मिर्जा ने अपने आउटफिट से ये दिखा दिया कि स्टाइलिश दिखने के लिए ज्यादा मेकअप या हैवी ड्रेस की जरूरत नहीं होती। उन्होंने गुलाबी रंग का सिंपल सूट पहना था, जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं। सूट का कलर उनके नेचुरल स्किन टोन पर बहुत प्यारा लग रहा था और उनकी पर्सनैलिटी को और भी निखार रहा था। दिया ने अपने लुक को बेहद सहज और आरामदायक रखा। उन्होंने अपने आउटफिट के साथ साधारण फ्लैट चप्पल पहनी थी, जिससे साफ पता चलता है कि उनके लिए फैशन का मतलब है, कम्फर्ट विद स्टाइल। लुक को पूरा करने के लिए दिया ने ब्लैक सनग्लासेस लगाए थे और हाथ में एक घड़ी पहनी थी। एक्सेसरीज का चयन बहुत सोच-समझकर किया गया था, जो उन्हें और भी सुंदर दिखा रहा था। दिया ने एयरपोर्ट लुक के लिए कोई हेवी मेकअप नहीं किया था। उनका फेस नेचुरल ग्लो कर रहा था, जो इस बात का संकेत है कि सेल्फकेयर और संतुलित लाइफस्टाइल ही असली ब्यूटी सीक्रेट है।

# मोटी कहने वालों को बिपाशा ने दिया मुंहतोड़ जवाब

बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु हाल ही में ट्रोलिंग का शिकार हुई थीं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई थीं जिसमें उन्हें बढ़े वजन और एजिंग की वजह से लोगों ने ट्रोल किया था। अब उन्होंने मां बनने के बाद अपने बढ़े हुए वजन को लेकर सोशल मीडिया पर हो रहे बॉडी शेमिंग और ट्रोलिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है। बिपाशा ने साफ शब्दों में कहा कि किसी के बनाए मीम्स और ट्रोल्स उनकी पहचान को तय नहीं कर सकते। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की सोच समाज की महिलाओं के प्रति गिरी हुई मानसिकता को दर्शाती है।

बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक रील के कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें महिलाओं, खासकर नई मांओं पर समाज द्वारा थोपे गए सौंदर्य मानकों और दबावों की आलोचना की गई थी। यह रील पूर्व मिस इंडिया और ब्यूटी इंफ्लुएंसर श्वेता विजय नायर ने बनाई थी, जिसमें बिपाशा की पहले और अब की तस्वीरों का कोलाज दिखाया गया था।



बिपाशा ने कमेंट में लिखा - आपके स्पष्ट शब्दों के लिए धन्यवाद, आशा है कि मानवता इतनी सतही और नीचे न रह जाए और वे महिलाओं को हर दिन निभाई जाने वाली लाखों भूमिकाओं के लिए सराहें और प्रेरित करें। मैं एक आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स ने मुझे कभी नहीं बनाया और ना ही वे मुझे परिभाषित करते हैं। लेकिन यह समाज की महिलाओं के प्रति बेहद चिंताजनक सोच को दिखाता है। मेरी जगह कोई और महिला होती तो इतनी नफरत उसे अंदर तक तोड़ सकती थी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने की जरूरत – धर्मेंद्र प्रधान

**मुंबई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दुनिया के विकसित देशों ने अपनी मातृभाषा के जरिये हर क्षेत्र में उन्नति की है। भारत में भी प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में देने की पहल होनी चाहिए। नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में मुकेश पटेल स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग के उद्घाटन व शैक्षणिक परिसर के भूमिपूजन समारोह में प्रधान ने कहा कि चीन, जापान, इटली, कोरिया जैसे देशों ने अपनी मातृभाषा के माध्यम से विकास किया है। दुनिया में तकनीकी क्षेत्र में आगे रहने वाले इजरायल की भाषा हिब्रू है। अंग्रेजी एक माध्यम है लेकिन कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत एक हजार साल तक पारधीन रहा। अंग्रेजों ने भारतीय शिक्षा नीति को बर्बाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि देश में 30 करोड़ बच्चें पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षा की सिर्फ डिग्री नहीं बल्कि काम के साथ जोड़ने की जरुरत है।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारत को वैश्विक शिक्षा हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने पांच प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों को देश में अपने कैंपस खोलने की मंजूरी दे दी। नवी मुंबई में 250 एकड़ में 5 अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का शैक्षणिक हब तैयार हो रहा है। जो बच्चे विदेशों में जाकर पढाई नहीं कर सकते वे अब अपने देश में किफायती शुल्क में वैश्विक ज्ञान प्राप्त कर अपने सपने साकार कर सकेंगे।

# 1 वर्ष और फ्री आधार अपडेशन, UIDAI ने बढ़ाई मियाद




myAadhaarServices

**दिल्ली।** यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है।

सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है। आधार अपडेट के लिए आपको दो जरूरी डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी। आमतौर पर आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपये का शुल्क लगता है लेकिन यूआईडीएआई के मुताबिक 14 जून 2026 तक यह सेवा फ्री है। पहचान पत्र के तौर पर आप पैन कार्ड और एड्रेस के लिए वोटर कार्ड दे सकते हैं। अगर किसी आधार होल्डर्स को अपना बायोमैट्रिक अपडेट कराना है तो उसे नजदीकी आधार सेवा केंद्र पर जाना होगा।

# समाजवादी नीतियों से ही मिलेगा पिछड़ों का हक

## विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की ओर से गोष्ठी




**वाराणसी।** समाजवादी नीतियां ही पिछड़ों और दलितों को उनका हक और सम्मान दिला सकती हैं। समाजवादी रास्ते पर चलकर ही नाई समाज में जन्मे कपूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री बने। ये बातें सपा नेता और पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कहीं।

वह अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की ओर से चोलापुर स्थित दीपराज इंटर कॉलेज में विश्वकर्मा विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा, सोनार, प्रजापति, नाई, चौरसिया, साहू, तेली, भुर्जी, पाल, बिंद, निषाद, मौर्य आदि को उनका हक और अधिकार सिर्फ समाजवादी रास्ते पर चलकर ही मिल सकता है। सपा सरकार में अखिलेश यादव ने इस समाज को दो बार विधान परिषद का प्रतिनिधित्व दिलाया और दो बार मंत्री भी बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को पिछले 25 वर्षों में विश्वकर्मा समाज की याद नहीं आई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष हरिशंकर विश्वकर्मा, विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जिउतबंधन विश्वकर्मा, छन्नूलाल विश्वकर्मा, संजू विश्वकर्मा, सुशील शर्मा, आकाश विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा, शीला विश्वकर्मा, मीरा विश्वकर्मा, शिवपूजन विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# हार्डवेयर दुकान के एसी में शार्ट सर्किट से आग

**वाराणसी।** बाजार में एक निर्माण सामग्री की दुकान के ऊपर आग लग गई। रोहनियां थाने के समीप रविंद्र सिंह की दुकान है, ऊपर परिवार रहता है। सुबह 10 बजे से विद्युत मरम्मत कार्य के कारण क्षेत्र की आपूर्ति बाधित थी। जैसे ही बहाल हुई, छत के कमरे में लगी एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई।

# प्लाईवुड फैक्ट्री में हुई चोरी का हुआ पर्दाफाश

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव ततारपुर स्थित भाजपा के जिला महामंत्री की बंद पड़ी प्लाईवुड फैक्टरी में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा और चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला माता मोहल्ला निवासी भाजपा के जिला महामंत्री पुनीत कुमार गोयल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी गांव ततारपुर में प्लाईवुड फैक्ट्री है जोकि बंद पड़ी है। कुछ दिन पहले उनकी फैक्ट्री में लगे कुछ कैमरे बंद हो गए थे। दस जून को कैमरे ठीक कराने वह फैक्ट्री में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि फैक्ट्री में चोरी हो गई थी। कैमरे की जांच करने पर उन्हें पता चला कि एक चोर आठ जून की की सुबह फैक्ट्री का सामान खोल रहा था और दस जून की सुबह दो मोटर, एक फ्रिज कंप्रेशर टूल किट व दो बैटरे चोरी कर ले जा रहा था। पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भाजपा नेता की फैक्ट्री में चोरी करने वाला आरोपी ग्राम सुलतानपुर मार्ग पर जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोहल्ला सोटावाली निवासी राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा, चोरी किए गए टूल किट, मोटर के पार्टस आदि बरामद किए हैं।





Zubaan Ke पक्के Scheme
EURO 7000
WOOD ADHESIVE
कारपेंटर भाइयो के लिए स्पेशल ऑफर
पाइए Duffle Bag
worth ₹3,800/-
सिर्फ 70 Points में।
पाइए Bag + Water Bottle
worth ₹3,350/-
सिर्फ 100 Points में।
सिर्फ 210 Points पर पाइये
American Tourister Trolley Bag Worth ₹ 8,800/-
टोकन / पाउच
15 Rs/- टोकन / पाउच
पॉइंट / पाउच
1 पॉइंट / पाउच
टोकन / पाउच
25 Rs/- टोकन / पाउच
पॉइंट / पाउच
2 पॉइंट्स / पाउच
रिडीम 210 पॉइंटस
GET
AMERICAN TOURISTER TROLLEY BAG WORTH RS. 8,800/-
सिर्फ 210 Points पर पाइये
Cutter Machine
अथवा Drill Machine
टोकन / पाउच
15 Rs/- टोकन / पाउच
पॉइंट / पाउच
1 पॉइंट / पाउच
टोकन / पाउच
25 Rs/- टोकन / पाउच
पॉइंट / पाउच
2 पॉइंट्स / पाउच
अथवा
पाइए Symphony Tower Fan
worth ₹8,799/-
सिर्फ 300 Points में।
SURROUND
Bladeless Turbo Throw TM (BLTT) Technology
Powerful 20ft Air Throw*
Swivel Action for Surround Air
Consumes 135 watts* only
Terms & Conditions:
यह Offer Limited समय के लिए ही है।
इस Offer का लाभ उठाने के लिए "EURO7000 DIGITAL" Application Download करें और Points Scan करें।
SCAN KIJIYE
GET IT ON Google Play
Available on the App Store